महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री ने मल्टीलेवल कार पार्किंग का लोकार्पण कर शहरवासियों को दी सौगात

बिलासपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर विधानसभा में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में लगभग 25 हजार वर्गफीट में निर्मित मल्टीलेवल कार पार्किंग का लोकार्पण कर शहरवासियों को सौगात दी। मल्टीलेवल कार पार्किंग से अब ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी। 16 करोड़ 88 लाख रूपये की लागत से निर्मित मल्टीलेवल कार पार्किंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो फ्लोर और बनाया गया है, जिसमें 257 कार और 333 बाइक पार्किंग की क्षमता है। इस बिल्डिंग में सीढ़ियों के अलावा दो लिफ्ट भी लगाया गया है तथा आपातकाल के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम भी है।

टिकरापारा पहुंचे युवक से मारपीट कर अज्ञात ने लूटा सोने की चैन

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा थाना क्षेत्र में कल एक युवक से सोने की चैन लूट ली गई। प्रार्थी कुछ समझ पाता इसके पूर्व ही आरोपी वहां से भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी योगेश कुमार साहू निवासी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा रायपुर कल किसी काम से संजय नगर पहुंचा था। यहां बकरा मार्केट सर्विस रोड के पास रूक कर वह लघुशंका कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात आरोपी वहां अपनी बाइक से पहुंचा तथा यहां लघुशंका क्यों कर रहे हो? कहते हुए गाली-गलौच शुरू कर दी। प्रार्थी ने इसका विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गया और प्रार्थी के गले से सोने की चैन अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रूपए लूटकर भाग निकला। अप्रत्याशित ढंग से हुए इस घटना से प्रार्थी हक्का-बक्का रह गया। बाद में थाना पहुंचकर प्रार्थी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

पड़ोसी की जमीन कब्जा करने पहुंची महिलाओं ने की मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। पड़ोसी की खाली जमीन पर कब्जा कर उल्टे जमीन मालिक से मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थीया किरण देवदास निवासी न्यू पुरैना राजेंद्र नगर की खाली जमीन पर पड़ोस में ही रहने वाली आरोपिया नेमा साहू, पूजा, गज्जू व जीवन नामक व्यक्ति जबरन बेगा कब्जा कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर प्रार्थीया ने मौके पर पहुंचकर कब्जा रूकवा दिया तो आरोपीगण भडक़ गए और उल्टे प्रार्थीया को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट शुरू कर दी। प्रार्थीया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

पशुओं को कत्लखाना ले जा रहा वाहन चढ़ा पुलिस के हत्थे

मोहला-मानपुर (आरएनएस)। जिले के पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला मोहला मानपुर अं0 चौकी वाय अक्षय कुमार (भापुसे0), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानपुर पुपलेश कुमार, श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अर्जुन कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन निर्देशन पर थानाक्षेत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक खोमन सिंह भण्डारी थाना चिल्हाटी के हमराह चेकिंग दौरान ग्राम मक्के चौक रोड पर वाहन क्रमांक सीजी -24-एम-3617 में अवैध रूप से 11 नग मवेशी बछड़ा को बिना चारा पानी के ठूस-ठूस कर ले जाते पाये जाने पर आरोपी सुनील सतनामी पिता जगेश्वर सतनामी उम्र 27 वर्ष साकिन घुमका थाना बालोद जिला बालोद , योगेश कुमार सोनकर पिता भागवत राम सोनकर उम्र 32 साल साकिन खुर्शीपार थाना व जिला बालोद , संतोष सोनकर पिता बिसराम सोनकर उम्र 40 साल साकिन खुर्शीपार थाना व जिला बालोद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में एवं जप्त मवेशियों को सुरक्षार्थ हेतु गौशाला भेजा गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

❐ **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय हाईपॉवर कमेटी की बैठक**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की हाईपॉवर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो के कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित राज्य की स्वीकृत सडक़ परियोजनाओं के प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा निर्माणाधीन सडक़ों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित जिलों के कलेक्टरों को राष्ट्रीय राजमार्गों के अंतर्गत आने वाली सडक़ों के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने, सडक़ निर्माण में आने वाली सभी बधाओं को दूर करने और सडक़ों के निर्माण हेतु वृक्ष कटाई, वन भूमि के व्यपवर्तन, भू-अर्जन, मुआवजा, लाईन शिफ्टिंग कार्य, भूमि नामांतरण की प्रक्रिया सहित अन्य कार्यवाहियों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य रूप से सरगुजा जिले के अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग के कॉरिडोर, अम्बिकापुर से पत्थलगांव मार्ग, शिवनगर से अम्बिकापुर मार्ग निर्माण के कार्यों की समीक्षा की गई। जशपुर जिले के अंतर्गत पत्थलगांव-कुनकुरी मार्ग, अम्बिकापुर से पत्थलगांव मार्ग, सूरजपुर जिले के अंतर्गत कटनी गुमला मार्ग, बिलासपुर जिले के अंतर्गत कबीर चबुतरा-केवची-केंदा-रतनपुर मार्ग, बिलासपुर-तखतपुर-मुंगेली-पण्डरिया-पोंड़ी मार्ग, बिलासपुर-पथरापाली मार्ग, बिलासपुर-उरगा मार्ग, मुंगेली जिले के अंतर्गत बिलासपुर-तखतपुर-मुंगेली-पण्डरिया-पोंड़ी और कबीरधाम जिले के अंतर्गत बिलासपुर-तखतपुर-मुंगेली-पण्डरिया-पोंड़ी मार्ग निर्माण के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत बिलासपुर-उरगा मार्ग, कोरबा जिले के पथरापाली-कटघोरा मार्ग, चाम्पा-कोरबा-छुरी-कटघोरा मार्ग और बिलासपुर-उरगा मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। रायपुर जिले के अंतर्गत अभनपुर से पांडुका मार्ग, रायपुर-विशाखापट्नम भारतमाला परियोजना (झांकी से सरगी) मार्ग, शदाणी दरबार के पास एनएच-30 पर एक्सप्रेसवे का जंक्शन प्वाईन्ट निर्माण एवं दुर्ग जिले के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग फोरलेन, दुर्ग-रायपुर बायपास भारतमाला परियोजना के निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। गरियाबंद जिले के अंतर्गत मदांगमुड़ा से खुटगांव, अभनपुर से पांडुका, मदांगमुड़ा से देवभोग मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। धमतरी जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम भारतमाला परियोजना, धमतरी शहर बायपास का वन टाईम इम्प्रूवमेंट कार्य और कोण्डागांव जिले के अंतर्गत कोण्डागांव-नारायणपुर मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। नारायणपुर जिले के अंतर्गत नारायणपुर-कस्तुरमेटा मार्ग और सुकमा जिले के ग्राम छिन्दगढ़ में फोरलेन के कार्यों की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सचिव राजस्व एन.एन.एक्का सहित संबंधित जिलों के कलेक्टर और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग और गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

अरपा को बारहमासी नदी में तब्दील करने तेजी से काम करने की जरूरत : भूपेश बघेल

❐ **नदी के पुनर्जीवन के लिए जनसहभागिता जरूरी: मुख्यमंत्री**

❐ **मुख्यमंत्री ने ली अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण की बैठक**

बिलासपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अरपा बेसिन में संचालित तमाम सिंचाई परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अरपा नदी क्षेत्र के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं हैं। इसे पुनर्जीवित करने के लिए इससे जुड़े तमाम विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करना सुनिश्चित करें ताकि जल्द से जल्द अरपा नदी की प्यास बुझाकर इसे पूर्व की तरह बारहमासी नदी में तब्दील किया जा सके। बघेल भेंट मुलाकात के दौरान बिलासपुर में आज अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नदी को पुन:जीवित करने के लिए शासकीय प्रयासों के साथ जनसहभागिता भी जरूरी हैं। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विधायक धरमलाल कौशिक, शैलेश पाण्डेय, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश सिंह, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभयनारायण राय, पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, महापौर रामशरण यादव सहित जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग, कलेक्टर सौरभकुमार सहित कोरबा कलेक्टर संजीव कुमार झा, मुंगेली कलेक्टर राहुल देव, जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्राधिकरण के सदस्य उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि अरपा नदी जलग्रहण क्षेत्र का संपूर्ण विकास के लिए अगस्त 2021 में नये स्वरूप में अरपा बेसीन विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। वैज्ञानिक आधार पर ऐसी संरचनाओं का निर्माण किया जायेगा जिससे नदी में बारहों महीने पानी बहती रहे। प्राधिकरण के क्षेत्र में बिलासपुर सहित जीपीएम, मुंगेली और कोरबा जिले की 625 गांव शामिल हैं। इन ग्रामों की 3,634 वर्ग किलोमीटर इसके जलग्रहण क्षेत्र में शामिल हैं। अरपा एवं इसकी सहायक नदियों में जल संसाधन विभाग द्वारा छोटी बड़ी मिलाकर 116 योजनाएं संचालित हैं, इनकी रूपांकित सिंचाई क्षमता 86 हजार 605 हेक्टेयर है।

अरपा नदी को जीवंत बनाए रखने के लिए फिलहाल 3 बैराज परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इनमें अरपा भैंसाझार, शिवघाट व पचरीघाट शामिल हैं। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के बजट में छपरा टोला सहित 9 योजनाएं मंजूर की गई हैं। इन योजनाओं से अरपा में पानी छोडक़र पुनर्जीवित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्राधिकरण में चल रहे विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने कहा कि शहर से लगे अरपा नदी में निर्माणाधीन शिवघाट बैराज को जून माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। इस बैराज के बन जाने से शहर की जल समस्या काफी हद तक दूर होगी। बैठक में अरपा विकास प्राधिकरण के सदस्य महेश दुबे, नरेन्द्र बोलर, आशा पाण्डेय भी उपस्थित थी।

पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

❐ **शराब पीने के लेकर हुआ था पति-पत्नी में विवाद**

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थानाक्षेत्र में हुई महिला की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने महिला के पति को ही हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। हत्यारे पति ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की फिर उसके शव को पलंग के अंदर रख दिया तथा दो दिनों बाद थाने में उसकी हत्या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कर दिये जाने की शिकायत दर्ज करवाई थी। बता दें कि शनिवार सुबह लालपुर निवासी कीर्तन साहू टिकरापारा थाने पहुंचा तथा पुलिस को अपनी अपनी पत्नी बबीता साहू की हत्या की जानकारी दी। कीर्तन ने पुलिस को बताया कि वो मजदूरी का काम करता है और बाहर गया हुआ था। शनिवार सुबह जब घर पहुंचा तो घर से बहुत बदबू आ रही थी और उसने देखा तो उसकी पत्नी की किसी ने हत्या कर दी थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो देखा कि शव पलंग के अंदर था और काफी बदबू आ रही थी। संदेह के आधार पर पति से पुलिस ने मृतिका के पति से कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। आरोपी ने पुलिस को बताया कि दो दिनों पहले जब वो मजदूरी कर शराब के नशे में घर लौटा तो उसका विवाद पत्नी से हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।

बाईक चोर गिरोह से बरामद हुई चोरी की 24 बाईक, पांच गिरफ्तार

राजनांदगांव (आरएनएस)। कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी मामले में एक बाइक चोर सहित उसके चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे चोरी की 24 बाइक बरामद किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बढ़ते दोपहिया वाहन की चोरी को लेकर पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए एक टीम गठित कर चोरी के मामले में पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक चारभाढा निवासी अशोक साहू बाइक चोरी कर उसे बेचकर बंधन बैंक में कर्ज लिए राशि को पटा रहा है। सूचना के आधार पर धुमका थाना पुलिस और कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी अशोक साहू को गिरफ्तार कर पुछताछ की जिसमें आरोपी ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बाइक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी किए दोपहिया वाहनों को अलग-अलग जगहों में छुपाकर रखता था वहीं कुछ दोपहिया वाहन को सस्ते दामों पर बेच दिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी से 24 बाईक बरामद किया है। आरोपी राजनांदगांव, डोगरगढ़, खैरागढ़ सहित दुर्ग शहर के विभिन्न इलाकों से दोपहिया वाहनों की चोरी को अंजाम देता था और सस्ते दामों पर वाहन को बेच देता था।

कुछ मोटर साइकिल को दुर्ग रेलवे स्टेशन के पार्किंग में रखकर बेचने के प्रयास में लगा हुआ था। पुलिस ने आरोपी अशोक साहू सहित उसके चार अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है और अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया है। बरामद बाइक की कीमत करीब 10 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है।

कोरबी सर्किल में घूम रहे 24 हाथी का दल, मंदिर परिसर में घुसा दंतैल

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में हाथियों का आतंक जारी है। जहां कटघोरा के केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में 24 हाथी घूम रहे हैं वहीं कोरबा वनमंडल के कुदमुरा, पसरखेत व बालको रेंज में 41 हाथी तीन अलग-अलग झुंडों में विचरणरत हैं। केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में मौजूद हाथियों में से एक दंतैल हाथी बीती रात बिछडक़र मातिनदाई मंदिर परिसर में घुस गया जिससे वहां मौजूद लोगों में हडक़ंप मच गया।

सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और मंदिर परिसर में मौजूद दंतैल को खदेडऩे की कार्रवाई की। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में सक्रिय 23 हाथियों का दल बैगामार होते हुए चचिया के निकट पहुंच गया है। आज हाथियों के इस दल को कुदमुरा व चचिया के बीच जंगल में विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के आगे बढक़र करतला परिक्षेत्र में पहुंचने की संभावना है जिसे देखते हुए वहां के अमले को सतर्क कर दिया गया है। चचिया व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों को तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल जाते वक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है वहीं हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल से दूरी बनाए रखने की भी समझाईश दी गई है। बालको के दूधीटांगर क्षेत्र में अभी भी 5 हाथी डेरा डाले हुए हैं। वहीं पसरखेत के पतरापाली में 13 हाथी एक सप्ताह से भी अधिक समय से जमे हुए हैं। हाथियों की इस क्षेत्र में लगातार विचरण करने से ग्रामीण दहशत में हैं।

आशा आजाद का नाम दर्ज हुआ गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में

कोरबा (आरएनएस)। शहर की लीड कालेज कोरबा में पदस्थ सहायक प्राध्यापक भूगर्भशास्त्र, अंतरराष्ट्रीय कवयित्री, गीतकार, साहित्यकार, छंद सर्जक हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी,गद्य-पद्य की सर्जक आशा आजाद कृतिको छत्तीसगढ़ संपूर्ण दर्शन ग्रंथ विशाल छंदमयी साझा संकलन में सम्पादकीय के लिए वृंदावन हाल रायपुर में आयोजित भव्य विमोचन कार्यक्रम मेंगोल्डन बुक आफ वल्र्ड रिकार्ड, गोल्डेन मेडल, सर्टिफिकेट, मोमेंटो, स्मृति चिन्ह देकर गोल्डेन बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ प्रभारी सोनल राजेश शर्मा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी पूर्व विधायक अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ अध्यक्षता नंदकुमार साय जी पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग पूर्व सांसद, विशिष्ट अतिथि डां. विनय पाठक पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग छग,डॉअनिल भतपहरी सचिव राजभाषा आयोग छ गा्रमेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ उदयभान सिंह चौहान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान, डां स्नेहलता पाठक वरिष्ठ साहित्यकार, डां. माणिक विश्वकर्मा वरिष्ठ साहित्यकार एलखन पडरिया,उर्मिला देवी उर्मि, महेश शर्मा, सहित छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश के साहित्यकार इस भव्य विमोचन और सम्मान कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

इस ग्रंथ को डॉ. नंदकुमार साय ने कहा वर्तमान में इस प्रकार का पहल साहित्य के इतिहास को सहेजता है, साहित्य में ऐसा अनूठा पहल राज्य की गरिमा को बढ़ाता है और सबसे बड़ी बात है कि इसे छत्तीसगढ़ की त्रिमूर्ति महिलाओं ने संपादन का कार्य किया है यह अपने में सम्मान जनक बात हैए,राजेश्री डॉ.महंत रामसुन्दर दास ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ राज्य का रामचरित मानस की तरह है 1007 पृष्ठ का किताब छत्तीसगढ़ की अनमोल धरोहर है जो छात्र छात्राओं के लिए भी छंद के रुप में सामान्य ज्ञान याद रखने में सहायक होगा। आशा आजाद ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड भारत को जाने मे वल्र्ड रिकॉर्ड,आफिसियल वल्र्ड रिकॉर्ड, सहित विभिन्न जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय शासकीय संस्थाओं में अपना दर्ज करा चुकी है। सम्पूर्ण दर्शन ग्रंथ जो एक विशाल छंदमयी साझा संकलन जिसमें 1007 पृष्ठ हैं एवं छत्तीसगढ़ के 72 विषयों के साथ साथ 117 प्रकार के छंदों के विषयों को छंदबद्ध किया गया है। इस ग्रंथ में संपादकीय के रूप में सुकमोती चौहानरुचि,आशा आजादकृति, माधुरी डड़सेना मुदिता ने अहम भूमिका निभाई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सक्रुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनिकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनिकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आत्मानंद स्कूल में पढ़ाई भी बढ़िया, फीस के पैसे भी बच रहे

रायपुर (आरएनएस)। पहले मुझे प्राइवेट स्कूल में 80 हजार रुपए तक सालाना फीस देनी पड़ती थी। मुख्यमंत्री जी, आपने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ किये और वहां बहुत अच्छी पढ़ाई की सुविधा दी। इससे मेरे अभिभावकों को बचत हो रही है, जो मेरे भविष्य के लिए उपयोगी होगी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा अस्मि ठाकुर ने यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बिलासपुर विधानसभा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने तिफरा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नागरिकों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का फीडबैक लिया।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में बिलासपुर और बिल्हा विधानसभा के लिए 474 करोड़ रुपए के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 266 करोड़ 58 लाख रुपए की राशि के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 56 करोड़ 46 लाख रुपए से अधिक राशि के 21 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसी तरह उन्होंने बिल्हा विधानसभा के निवासियों के लिए 34 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 116 करोड़ 14 लाख रुपए के 18 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। आज के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अवसर पर राजस्व मंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विधायक शैलेश पांडेय, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, महापौर बिलासपुर रामशरण यादव भी मौजूद रहे।

युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मिलना शुरू-मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित भेंट-मुलाकात के दौरान युवाओं से भी बातचीत की। वैभव वैष्णव ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आपने बहुत सारी वैकेंसी जारी की है। साथ ही बेरोजगारी भत्ता भी मिल रहा है। शासकीय सेवाओं की तैयारी करने के लिए मुझ जैसे युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता काफी उपयोगी है। इससे युवाओं को संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी।

मितान योजना से प्रमाण पत्र बनवाना हुआ आसान-भेंट-मुलाकात में वीरेंद्र देवांगन ने बताया कि मितान योजना बहुत लाभप्रद है। घर बैठे आसानी से कार्य हो रहे हैं। मैंने पहले आय प्रमाणपत्र बनवाया, फिर निवास प्रमाणपत्र बनवाया। किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। प्रिया हटिले ने बताया कि मैंने मितान से तीन बार सहायता ली। इसके चलते सरकारी कार्यालयों तक जाने की दिक्कत दूर हो गई है। कम समय में बढिय़ा काम हो रहा है।

सीमार्ट की वजह से मिला बाजार- भेंट-मुलाकात में किरण ठाकरे ने बताया कि सीमार्ट आरंभ होने से उन्हें बड़ा लाभ हुआ है। इसके पहले अपने उत्पादों को बेचने के लिए घर-घर भेजते थे। इसमें काफी समय लगता था। अब सीमार्ट वाले स्वयं ही उत्पाद ले जाते हैं।